राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

<u>कोर्स रिपोर्ट</u>

इन्वेस्टिगेशन ऑफ साईबर क्राईम केसेज

राजस्थान पुलिस अकादमी में **'इन्वेस्टिगेशन ऑफ साईबर क्राईम केसेज' विषय पर दिनांक 24-07-2017 से 03-08-2017 तक दो सप्ताह का कोर्स** का आयोजन किया गया।

इस कोर्स में राजस्थान पुलिस के 13 पुलिस निरीक्षक व 27 पुलिस उप निरीक्षक स्तर के कुल 40 अधिकारी प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें साईबर अपराधों के अनुसंधान विषय पर प्रथम सप्ताह में विभिन्न व्याख्याताओं श्री शरत कविराज, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, एससीआरबी, जयपुर, श्री अनिल पाराशर, संयुक्त निदेशक, एनआईसी, जयपुर, श्री गजेन्द्र शर्मा, पुलिस उप निरीक्षक, साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन, जयपुर, श्री शकीर परवेज, रीजनल हैड, फ्रॉड कन्ट्रोल यूनिट, एक्सिस बैंक, जयपुर, श्री जयकेय सर्राफ, डाटा रिकवरी एक्सपर्ट, जयपुर, डॉ. शैलेन्द्र झा, उप निदेशक, एफएसएल, जयपुर, श्री ओम प्रकाश, आरपीए, श्री अनिल कुमार, पुलिस उप निरीक्षक, हनुमानगढ, श्री मिलिन्द अग्रवाल, साईबर एक्सपर्ट, श्री निशीथ दीक्षित, एडवोकेट, राजस्थान हाई कोर्ट, जयपुर द्वारा साईबर अपराध में वर्तमान ट्रेंडस, कम्प्यूटर की मूलभूत जानकारी यथाः हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, नेटवर्किंग एवं इन्टरनेट; साईबर अपराध संबंधित IT Act, स्पेशल एक्ट, अन्य लोकल एक्ट एवं IPC की लगने वाली विभिन्न धाराऐं; विभिन्न साईबर अपराध जैसे हैकिंग, डेटा चोरी, वायरस व वोर्म फैलाना, फिशिंग, विशिंग, कम्प्यूटर नेटवर्क डिसरप्शन, साईबर बुलिंग, आईडेंटिटी थेफ्ट, साईबर आतंकवाद, ई–मेल से धोखाधड़ी, ई–मेल स्पूफिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड फ्रॉड़, कॉपी राईट से संबंधित अपराध, पोर्नोग्राफी, धोखाधड़ी, डिनाईल ऑफ सर्विस अटैक, वेब

डीफेसमेन्ट, वेबसाईट हैकिंग, सॉफ्टवेयर पायरेसी आदि के अपराध करने के तरीके वारदात बताने के अलावा इनके अनुसंधान के तरीके व SOP की जानकारी दी। साईबर अपराधों में डाटा स्टोरेज डिवाईसेज की हैश वैल्यू निकालना, राईट ब्लॉकर की मदद से इमेजिंग करना, इमेज का विश्लेषण करना तथा CDR का विश्लेषण करने हेतु माईक्रॉसॉफ्ट एक्सल पर अभ्यास करवाया जाकर विभिन्न कानूनों यथाः IT Act., इंटरमीडियरी गाईड लाईन, टेलीग्राफ एक्ट, साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानों व संबंधित नियम, कोर्ट के निर्णयों के बारे में बताया।

साईबर अपराध से संबंधित कोर्स के दूसरे सप्ताह में विभिन्न व्याख्याताओं श्री सुरेश स्वामी, पुलिस निरीक्षक, साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन, जयपुर, डॉ. विश्वास भारद्वाज, सहायक निदेशक(फिजिक्स), एफएसएल, जयपुर, श्री शेखर सिंह, मैनेजर इन्वेस्टिगेशन, इन्डसिंड बैंक, जयपुर, श्री परमेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक, साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन, जयपुर, श्री राजेश दुरेजा, पुलिस निरीक्षक, एटीएस एण्ड एसओजी, जयपुर द्वारा विभिन्न प्रकार की कॉल डिटेल व टावर डम्प का विश्लेषण, साईबर अपराध के अनुसंधान के दौरान विभिन्न इलेक्ट्रोनिक साक्ष्यों की पहचान, चैन ऑफ कस्टडी, संदिग्ध इलेक्ट्रोनिक डिवाईस की पैकिंग कर FSL भिजवाना, FSL से पूछे जाने वाले प्रश्न व पूरी प्रक्रिया के दौरान डूज् व डॉन्ट्स की जानकारी दी।

कोर्स के समापन पर महानिरीक्षक पुलिस (ऑपरेशन), राजस्थान, श्री बीजू जॉर्ज जोसेफ द्वारा प्रतिभागियों को उद्बोधन कर उन्हे प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये। इस कोर्स के कोर्स डायरेक्टर श्री दिलीप सैनी, सहायक निदेशक (स्पेशल कोर्स एवं सीओई) तथा सहायक कोर्स डायरेक्टर श्री नन्द कुमार कटेवा, प्रोग्रामर थे।